आज का सुविचार

सफलता का कोई रहस्य नहीं है, वह केवल अत्यधिक परिश्रम चाहती है.

साप्ताहिक

# युवा प्रदेश

Freedom Of Speech

RNI. NO. MPHIN/2015/76299

संपादक-नागेश नरवरिया

YP24 NEWS

जिले एवं तहसीलों में संवाददाता नियुक्त करना है.. संपर्क करे -9425156055

वर्ष 9, अंक- 52 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 31 जनवरी 2025 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

# मुख्यमंत्री ने जल विद्युत परियोजनाओं में निवेश के लिये जापान को किया आमंत्रित



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (JICA) के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट श्री शोहई हारा से मुलाकात कर मध्यप्रदेश में हाइड्रो प्रोजेक्ट में निवेश करने के लिये आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि राज्य में जल संसाधनों की प्रचुरता और विकसित बुनियादी ढांचे के कारण जापानी कंपनियां यहां निवेश कर सकती हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (JICA) का सहयोग हम मध्यप्रदेश ग्रामीण जलापूर्ति परियोजना के लिये कर सकते हैं, जो जल उपचार संयंत्रों और संबंधित सुविधाओं का निर्माण करके राज्य के उत्तर-पश्चिमी जिलों में स्थिर और सुरक्षित जल आपूर्ति प्रदान करने में सक्षम हो सकेंगे मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिका के साथ राज्य में नये क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की मंशा से यह मुलाकात अति महत्वपूर्ण है। भोपाल, इंदौर और ग्वालियर जैसे प्रमुख शहरो में शहरी परिवहन, जल प्रबंधन और स्मार्ट सिटी प्रोजेक्टस् में तकनीकी और जापानी विशेषज्ञता का उपयोग करते हुए स्थायी शहर मॉडल बनाया जा सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिका के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट शोहेई हारा ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ हुई बैठक को सकारात्मक बताते हुए कहा कि इसमें मध्यप्रदेश में बिजली, स्वास्थ्य के साथ कृषि जैसे क्षेत्रों की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिका के सहयोग से औद्योगिक क्षेत्रों में इन्फ्रास्ट्रक्चर अपग्रेडेशन और लॉजिस्टिक्स हब्स का विकास, नर्मदा और चंबल जैसी प्रमुख नदियों के जलग्रहण क्षेत्र के संरक्षण और पुनर्स्थापन तथा राज्य में युवाओं के कौशल विकास के लिये जापानी ट्रेनिंग मॉडल अपनाने की बात कही।

# सीट बेल्ट क्यों लगानी चाहिए:

## सड़क सुरक्षा माह 2025

सीट बेल्ट वाहन चलाते समय और किसी दुर्घटना के दौरान ड्राइवर और यात्रियों को गंभीर चोटों से बचाने का सबसे प्रभावी काम करता है।

- सीट बेल्ट दुर्घटना के दौरान व्यक्ति को वाहन के अंदर स्थिर रखने में मदद करती है, जिससे सिर, छाती और अन्य अंगों की चोटों का खतरा कम होता है।
- अचानक ब्रेक लगाने पर शरीर को आगे की ओर झटके से रोकने में सीट बेल्ट मदद करती है।
- सीट बेल्ट पहने रहने पर ड्राइवर को अपने वाहन पर बेहतर नियंत्रण मिलता है।



युवा प्रदेश समाचार पत्र

- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

- अध्ययनों से पता चलता है कि सीट बेल्ट पहनने से मृत्यु की संभावना 45% तक कम हो जाती है।

### एयरबैग और सीट बेल्ट का संबंध

- एयरबैग का उद्देश्य सीट बेल्ट के साथ मिलकर सुरक्षा देना है। यदि सीट बेल्ट नहीं पहनी जाती है, तो एयरबैग प्रभावी ढंग से काम नहीं कर पाता।
- सीट बेल्ट शरीर को स्थिर रखती है, जबकि एयरबैग सिर और छाती को चोट से बचाते हैं।
- बिना सीट बेल्ट के, एयरबैग का झटका खतरनाक हो सकता है और चोटों को बढ़ा सकता है।

### कानूनी प्रावधान (मोटर वाहन अधिनियम, 1988 (Motor Vehicles Act, 1988)

**धारा 138(3):** सीट बेल्ट पहनना सभी ड्राइवर और आगे बैठने वाले यात्रियों के लिए अनिवार्य है। संशोधित मोटर वाहन अधिनियम, 2019 के अनुसार, सीट बेल्ट न पहनने पर 1,000 तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

**पीछे की सीट पर भी अनिवार्यता:** अब पीछे की सीट पर बैठे यात्रियों के लिए भी सीट बेल्ट पहनना अनिवार्य है।

**नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी:** सीट बेल्ट न पहनने से न केवल आप अपनी जान जोखिम में डालते हैं, बल्कि दूसरों की सुरक्षा पर भी असर पड़ता है। दुर्घटनाओं को कम करने और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए सीट बेल्ट का उपयोग करना जरूरी है। सीट बेल्ट और एयरबैग मिलकर दुर्घटनाओं के दौरान अधिकतम सुरक्षा प्रदान करते हैं। वाहन में बैठते समय सीट बेल्ट जरूर पहनें और यातायात के नियमो का पालन करे।

# जिला स्तरीय तंबाकू नियंत्रण कार्यशाला सम्पन्न



**इन्दौर।** जिला स्तरीय तंबाकू नियंत्रण कार्यशाला का आयोजन आज जिला पंचायत कार्यालय इंदौर के सभागार में किया गया। कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायत विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, जनजाति कल्याण विभाग एवं अन्य विभागों के अधिकारीगण शामिल हुए। कार्यशाला की अध्यक्षता मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री सिद्धार्थ जैन ने की। जिला नोडल अधिकारी (स्वास्थ्य) डॉ. संतोष सिसोदिया ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए कार्यशाला के उद्देश्य की जानकारी दी गई। श्री सिद्धार्थ जैन ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि यदि जिंदगी चुनना है तो तंबाकू छोड़ना होगा, साथ ही किशोरों एवं युवाओं को इससे बचने के लिये समझाइश देना होगा। तंबाकू स्वास्थ्य के लिये खतरा है, इससे गंभीर बीमारियां, कैंसर, फेफड़ों संबंधी रोग, बांझपन, हृदय एवं रक्त संबंधी रोग, मस्तिष्क संबंधी रोग होता है। उन्होंने यह भी कहा कि तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से लागू करने हेतु सभी विभागों को समन्वय स्थापित कर आगे बढ़ना है।

# मेक इन इंडिया के मिशन को साकार करने में अधिकारी अपनी ऊर्जा लगाएं: मंत्री श्री काश्यप

भोपाल। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री श्री चैतन्य कुमार काश्यप ने बुधवार को एमएसएमई विभाग के नवनियुक्त सहायक संचालक, प्रबंधक एवं सहायक प्रबंधकों से कहा है कि वे राज्य सरकार की मंशा अनुरूप मेक इन इंडिया के मिशन को साकार करने में अपनी ऊर्जा लगाएं।मंत्री श्री काश्यप विभागीय परिचयात्मक प्रशिक्षण के समापन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।कार्यक्रम को उद्योग आयुक्त श्री दिलीप कुमार और सेडमैप के कार्यकारी निदेशक श्री अम्बरीष अधिकारी ने भी संबोधित किया। मंत्री श्री काश्यप ने सभी नवनियुक्त सहायक संचालकों एवं प्रबंधकों को बधाई देते हुए अपने नए दायित्व के साथ विभाग एवं स्वयं की प्रतिष्ठा को बढ़ाने के लिए सकारात्मक रूप से योजनाबद्ध कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण आपके ज्ञान में वृद्धि कर सकता है लेकिन अपने व्यवहार को हमें स्वयं ही उत्कृष्ट बनाना होगा।नव उद्यमियों के प्रति हमारा व्यवहार सदैव उदार एवं सहायक हो और उन्हें सरकार की हर नीतियों का लाभ सुनिश्चित रूप से मिल सके। मंत्री श्री काश्यप ने कहा कि आपके पास नौकरी के माध्यम से यह देश सेवा का एक सुनहरा अवसर है। उद्यमशीलता के माध्यम से हम सब मिलकर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करेंगे।



# वाहन चलाते समय न करें मोबाइल से बात

## सड़क सुरक्षा माह 2025

दोस्तो वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करना खतरनाक हो सकता है। यह आपके ध्यान को भटकाता है और सड़क पर दुर्घटनाओं का जोखिम बढ़ाता है।

- वाहन चलाते वक्त मोबाइल का उपयोग न करें यदि कॉल जरूरी हो, तो वाहन को किनारे पर रोकें और फिर बात करें।
- अगर कॉल करना अनिवार्य हो, तो हैंड्स-फ्री डिवाइस का उपयोग करें।
- वाहन चलाते वक्तकिसी भी तरह के संदेश भेजने, पढ़ने या सोशल मीडिया का उपयोग करने से बचें।
- ट्रैफिक नियमों का पालन करना आपकी और दूसरों की सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है।

### मोटर व्हीकल एक्ट (MV Act) के तहत कार्यवाही

मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के तहत मोबाइल का उपयोग करते हुए वाहन चलाना प्रतिबंधित है।

**धारा 184:** यह धारा लापरवाही और खतरनाक ड्राइविंग को रोकने के लिए है। मोबाइल का इस्तेमाल करने पर इसे खतरनाक ड्राइविंग माना जाता है। पहली बार उल्लंघन पर 1,000 से 5,000 हजार का जुर्माना या 6 महीने तक जेल।दूसरी बार उल्लंघन पर जुर्माना और जेल दोनों हो सकते हैं।

**धारा 177:** सामान्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 500 रुपए का जुर्माना लगाया जा सकता है।

### संशोधित मोटर व्हीकल एक्ट, 2019

पहली बार मोबाइल पर बात करते वाहन चलाने पर ?1,000 का जुर्माना। बार-बार उल्लंघन पर जुर्माना ?10,000 तक बढ़ सकता है।

सुरक्षित रहिए, सड़क पर जिम्मेदारी से वाहन चलाइए।

# एमएसएमई के प्रदर्शन को बढ़ावा देने के लिए रैम्प योजना के तहत एनएसई कार्यशाला आयोजित

**इन्दौर।** इंदौर और उज्जैन संभाग के लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के प्रदर्शन में सुधार लाने के उद्देश्य से रेजिंग एंड एक्सलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस (रैम्प) योजना के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन एससेन्टिया होटलपिपलियाहनाइंदौर में किया गया। इस कार्यशाला में संभाग के विभिन्न उद्योग संघों और उद्यमियों ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य उद्यमियों को एनएसई एसएमई प्लेटफार्म पर पंजीकरण कर अपने उद्योगों के लिए वित्तीय संसाधन जुटाने और सेबी गाइडलाइन्स की जानकारी प्रदान करना था। साथ हीकार्यक्रम में ज़ीरो डिफेक्ट ज़ीरो इफेक्ट (जेड) योजना, लीन मैन्युफैक्चरिंग प्रतिस्पर्धात्मकता योजना (एलएमसीएस), बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर), और व्यापार प्राप्य इलेक्ट्रॉनिक डिस्काउंटिंग सिस्टम (टीआरईडीएस) पर भी विस्तृत चर्चा की गई। कार्यशाला की शुरुआत में रैम्प योजना की जानकारी दी गई। इसके बादस्टेट नोडल ऑफिसररैम्प श्री अनिल थागलेने एनएसई के माध्यम से उद्योगों को वित्तीय संसाधन जुटाने के तरीकों पर प्रकाश डाला। अपने संबोधन में उन्होंने रैम्प योजना के उद्देश्य, मध्य प्रदेश सरकार की भूमिका और स्थानीय उद्योगों के लिए उपलब्ध संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। सीनियर वाइस प्रेसीडेंटएनएसई डॉ. हरीश आहूजाने स्टॉक लिस्टिंग प्रक्रिया की जानकारी दी और बताया कि लगभग 12 उद्योगों ने एनएसई लिस्टिंग के लिए अपनी रुचि व्यक्त की है। उन्होंने कहा, ÷ एसएमई इकोसिस्टम को मजबूत करने से न केवल यह लार्ज-स्केल इंडस्ट्रीज को आकर्षित करता है, बल्कि उद्योगों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अधिक प्रतिस्पर्धात्मक भी बनाता है।



# संकल्प महाविद्यालय में पुलिस अधीक्षक की आतिथ्य में संकल्प महोत्सव 2025 का हुआ भव्य आयोजन

## सुप्रसिद्ध लोकगीत गायक सुनील मानिकपुरी ने अपने लोकगीतों से सभी को किया मंत्रमुग्ध

**अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर**

अनूपपुर। संकल्प महाविद्यालय ने हाल ही में अपने वार्षिक संकल्प महोत्सव का आयोजन कर भारतीय संस्कृति की अद्भुत विविधता और समृद्धि को जीवंत किया। इस खास कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न राज्यों की संस्कृति पर आधारित नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को भारत की सांस्कृतिक धरोहर से परिचित कराया। कार्यक्रम की शुरुआत पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी के साथ संस्था संचालक द्वारा दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई, जिसने समस्त वातावरण को सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया। इस अवसर पर अनूपपुर जिले के स्वास्थ एवं चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आर के वर्मा, पीएम एक्सीलेंस महाविद्यालय के प्राचार्य अनिल सक्सेना, उप प्राचार्य जे के संत, अनूपपुर रक्षित निरीक्षक ज्योति दुबे, अनूपपुर कोतवाली निरीक्षक रविन्द्र जैन के साथ- साथ बरबसपुर ग्राम पंचायत के सरपंच बिसाहूलाल रौतेल , उपसरपंच सुजीत नापित, सचिव नायक की उपस्थिति ने छात्रों की प्रतिभा और प्रयासों की सराहना करते हुए कहा,÷इस प्रकार के आयोजन नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का एक प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने महाविद्यालय के प्रयासों की प्रशंसा की और छात्रों को भविष्य में भी अपनी संस्कृति को जीवंत रखने के लिए प्रेरित किया।









संकल्प महोत्सव में छत्तीसगढ़ी सुप्रसिद्ध गायक सुनील मानिकपुरी की अद्भुत प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में आए सभी दर्शकों को अपने गीतों से मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यार्थियों ने पूरे भारत की सांस्कृतिक धरोहर को मंच पर उतारते हुए रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम मे विद्यार्थियों ने राजस्थान के घूमर नृत्य ने शाही परंपराओं की झलक दी। पंजाब के भांगड़ा और गिद्दा ने उत्साह और उमंग से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया साथ ही गुजरात के गरबा और मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ व असम राज्यों के भव्य प्रस्तुतियों ने अपने ताल और लय से समां बांध दिया। केरल के शास्त्रीय नृत्य और मोहिनीअट्टम ने दर्शकों को भारतीय शास्त्रीय परंपरा की गहराई का अनुभव कराया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने केवल नृत्य और संगीत ही नहीं, बल्कि नुक्कड़ नाटक और कविताओं के माध्यम से सामाजिक संदेश भी दिया। प्रस्तुतियों में भारतीय संस्कृति की ÷अनेकता में एकता÷ की भावना को प्रमुखता से उजागर किया गया। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। महोत्सव का समापन राष्ट्रीय बालिका दिवस पर आधारित शानदार नाटक के साथ हुआ, जिसने सभी उपस्थित लोगों के भीतर बालिकाओं की भावना को प्रबल कर दिया। महाविद्यालय के संचालक अंकित शुक्ला ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी छात्रों, शिक्षकों और आयोजन समिति को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह महोत्सव भारतीय संस्कृति की जीवंतता और हमारी जड़ों की पहचान को संजोने का एक प्रयास है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित होते रहेंगे। संकल्प महाविद्यालय का यह महोत्सव न केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम था, बल्कि यह भारतीय परंपराओं और एकता के संदेश को बढ़ावा देने वाला एक प्रेरणादायक मंच है।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तपस्वी बाबा कल्याण दास से उनके शिविर में जाकर की मुलाकात

## मुख्यमंत्री को अमरकंटक आने का दिया आमंत्रण, योगी आदित्यनाथ ने किया स्वीकार



**अनू गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर**

अनूपपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री महंत योगी आदित्यनाथ ने आज महाकुंभ के पावन अवसर पर माघ कृष्ण एकादशी पर तीर्थराज प्रयागराज संगम तट के सेक्टर 19 में उदासीन अखाड़ा के लगे शिविर में आज पवित्र नगरी अमरकंटक के संत परम तपस्वी बाबा कल्याण दास महाराज से सौजन्य भेट मुलाकात की। महंत योगी आदित्यनाथ एवं बाबा कल्याण दास जी महाराज की दोपहर सवा बजे से सवा दो बजे तक की एक घंटे की मुलाकात हुई इस अवसर पर मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार योगी आदित्यनाथ महाराज ने बाबा कल्याण दास महराज का शाल श्रीफल, फल टोकरी ,पुष्प गुच्छ से आत्मीय सम्मान किया । तथा इस पावन पुनीत अवसर पर तपस्वी बाबा कल्याण दास ने भी मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार महंत योगी आदित्यनाथ महाराज का परंपरागत तरीके से साल श्रीफल अंग वस्त्र पुष्प गुच्छ एवं महाकुंभ का प्रतीक चिन्ह देकर हृदया गम्य स्वागत अभिनंदन किया। एक घंटे के संक्षिप्त मेल मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने महाकुंभ बहुत ही अच्छे ढंग से पूर्ण हो जाए इसका आशीर्वाद मांगा । बाबा कल्याण दास जी ने कहा कि राम जी की कृपा तथा भगवान भोलेनाथ के आशीर्वाद से सब कुछ अच्छा होगा ।महाकुंभ प्रयागराज में शासन द्वारा की गई व्यवस्था के संबंध में योगी आदित्यनाथ जी ने पूछा तो बाबा कल्याण दास जी महाराज ने शासन के कार्यों की सराहना की । बाबा जी ने कहा कि अच्छी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं । सब ठीक है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री महंत योगी आदित्यनाथ महाराज ने परम तपस्वी बाबा कल्याण दास महाराज को राम जन्मभूमि अयोध्या आने का आमंत्रण दिया जिसे बाबा सहर्ष स्वीकार किया । इसी क्रम में पवित्र नगरी अमरकंटक के संत बाबा कल्याण दास महाराज ने भी महंत योगी आदित्यनाथ जी को पवित्र नगरी अमरकंटक आने का निमंत्रण दिया है जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार कर लिया उन्होंने आश्वासन दिया जब भी आश्रम में कार्यक्रम होगा मैं अवश्य आऊंगा ।

# लुट के मोबाईल फोन व चोरी की एक्टिवा सहित शातिर लुटेरो को किया गिरफ्तार,लगभग तीन लाख का सामान जप्त

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश**




पुलिस टीम द्वारा लगभग तीन लाख रूपए का चोरी व लूट का माल व आरोपी को गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त हुई है। घटना दिनाँक 27 जनवरी को थाना हबीबगंज पुलिस द्वारा संदिग्ध वाहनो की चेंकिग के दौरान मेट्रो वॉक की तरफ से दो युवक बिना नम्बर प्लेट की सफेद रंग की एक्टिवा से आते हुए दिखे जिन पर संदेह होने पर रोका व उनसे नाम पता पुछा जो उन्होने अपना नाम उम्र 28 वर्ष निवासी सूरज नगर भोपाल तथा दूसरा जिसकी उम्र 19 वर्ष निवासी शाहपुरा भोपाल बताया । संदेहियो से सख्ती से एक्टिवा मोपेड के संबंध मे कागजात पूछे जाने पर टाल-मटोल कर एक्टिवा को 5-6 महीने पहले एम.पी.नगर से चोरी करना बताया एक्टिवा की डिग्गी चैक करने पर डिग्गी के अंदर 7 मोबाइल फोन मिले मोबाइल फोन के संबंध पूछताछ करने पर मोबाइल फोन भोपाल के विभिन्न क्षेत्रो से बिना नंबर की सफेद एक्टिवा पर सवार होकर राहगीरो से छीनने की घटना को अंजाम देना स्वीकारा व जल्दी ही मोबाइल फोन को बेचने वाले थे । आरोपीयों के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है ।

# रात दस बजे से सुबह छह बजे के बीच संपूर्ण जिले में सभी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्रों एवं तीव्र संगीत पर प्रतिबंध

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश**

भोपाल कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 अंतर्गत धारा 163 में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए भोपाल जिले के सभी धार्मिक स्थलों,औद्योगिक, वाणिज्यक,रहवासी एवं मूक क्षेत्र में ध्वनि यंत्रों लाउडस्पीकर,डी.जे.के अनियंत्रित एवं नियम विरुद्ध प्रयोग पर कार्यवाही के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये है। जारी आदेश के अनुसार सार्वजनिक आपात स्थिति को छोड़कर रात्रि 10ः00 बजे से सुबह 6ः00 बजे के बीच संपूर्ण जिले में सभी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्रों एवं तीव्र संगीत का उपयोग नहीं किया जा सकेगा। सभी डी.जे.संचालक, होटलो,रेस्टोरेंट,बार को डी.जे.के संचालन का नियमानुसार लायसेंस लेना अनिवार्य होगा एवं किसी भी डी.जे. पर अधिकतम एक साउण्ड सिस्टम जिनकी ध्वनि निर्धारित मापदण्डो के अनुसार अथवा उससे कम का हो का ही उपयोग किया जा सकेगा। ध्वनि विस्तारक यंत्रो का उपयोग प्रातः 6.00 बजे से रात्रि 10.00 बजे तक अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी , पुलिस उपायुक्त की अनुमति से किया जा सकेगा, परन्तु यह अनुमति 2 घंटे से अधिक की नहीं होगी। ध्वनि विस्तारक वेस्तारक यंत्रो यंत्रो के उपयोग की अनुमति कार्यकम परिसर मे ही दी जावेगी। ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग हेतु दी गई अनुमति में भारत सरकार द्वारा निर्धारित गुणवत्ता मानकों का स्पष्ट उल्लेख किया जाए। सर्वोच्च न्यायालय,उच्च न्यायालय एवं राष्ट्रीय हरित अधिकरण के दिशा निर्देशों,



कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट जिला भोपाल म0 प्र0

क्रमांक/95/रीडर /अजिद/2025 भोपाल,दिनांक 23/01/2025

// आदेश //

(अंतर्गत धारा 163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023)

माननीय सर्वोच्च न्यायालय, माननीय उच्च न्यायालय एवं माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एन0जी0टी0) के आदेशों के परिपालन में सभी धार्मिक स्थलों एवं अन्य स्थानों में ध्वनि विस्तारक यंत्रो (लाउडस्पीकर/डी0जे0/सम्बोधन प्रणाली) के अनियंत्रित व नियम विरुद्ध प्रयोग पर नियंत्रण/कार्यवाही हेतु दिशा-निर्देश प्रदान किये गये। शोर से मनुष्य के काम करने की क्षमता, आराम, नींद और संवाद में व्यवधान पड़ता है। कोलाहल पूर्ण वातावरण के कारण उच्च रक्तचाप, बैचेनी, मानसिक तनाव तथा अनिद्रा जैसे प्रभाव शरीर में पाये जाते है। अधिक शोर होने पर कान के आंतरिक भाग की क्षति होने के प्रमाण पाये गये है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय तथा माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) द्वारा जारी आदेश के पालन में ध्वनि यंत्रों के उपयोग यहां तक कि धार्मिक स्थलों/औद्योगिक/वाणिज्यक/रहवासी एवं मूक क्षेत्र में भी इस्तेमाल पर जारी व्यापक दिशा निर्देश का कड़ाई से पालन किये जाने हेतु प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया जाना आवश्यक है।

अतः भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 अंतर्गत धारा 163 में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए भोपाल जिले के सभी धार्मिक स्थलों/औद्योगिक/वाणिज्यक/रहवासी एवं मूक क्षेत्र में ध्वनि यंत्रो (लाउडस्पीकर/डी0जे0/सम्बोधन प्रणाली) के अनियंत्रित व नियम विरुद्ध प्रयोग पर नियंत्रण/कार्यवाही हेतु निम्नानुसार प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया जाता है :-

1. सार्वजनिक आपात स्थिति को छोड़कर रात्रि 10:00 बजे से सुबह 6:00 बजे के बीच संपूर्ण जिले में सभी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्रों एवं तीव्र संगीत का उपयोग नहीं किया जा सकेगा।

2. समस्त डी0जे0 संचालक/होटलो/रेस्टोरेंट/बार को डी0जे0 यूनिट के संचालन का नियमानुसार लायसेंस लेना अनिवार्य होगा एवं किसी भी डी0जे0 यूनिट पर अधिकतम एक साउण्ड सिस्टम (जिनकी ध्वनि निर्धारित मापदण्डो के अनुसार अथवा उससे कम का हो ) का ही उपयोग किया जा सकेगा।

3. ध्वनि विस्तारक यंत्रो का उपयोग प्रातः 6.00 बजे से रात्रि 10.00 बजे तक अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी/पुलिस उपायुक्त की अनुमति से किया जा सकेगा, परन्तु यह अनुमति 02 घंटे से अधिक की नहीं होगी। ध्वनि विस्तारक यंत्रो के उपयोग की अनुमति कार्यक्रम परिसर मे ही दी जावेगी। ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग हेतु दी गई अनुमति में भारत सरकार द्वारा निर्धारित Ambient Air Quality Standards in respect of Noise का स्पष्ट उल्लेख किया जाए।

4. माननीय सर्वोच्च न्यायालय, माननीय उच्च न्यायालय एवं माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एन0जी0टी0) के दिशा निर्देशों, ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम 2000 तथा म0प्र0 कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 के प्रावधानों का पालन किया जाना अनिवार्य होगा ।

6. यदि किसी द्वारा व्यक्ति इन प्रावधानों का उल्लंघन किया जाता है तो मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 15 एवं 16 के तहत शास्ति अधिरोपित करने एवं जप्ती की कार्यवाही की जावे ।

//2//

यह आदेश आम जनता को संबोधित है। चूँकि वर्तमान में मेरे समक्ष ऐसी परिस्थितियां नहीं है और न ही यह संभव है कि इस आदेश की पूर्व सूचना प्रत्येक व्यक्ति को दी जावे। सार्वजनिक प्रचार के माध्यमों से समाचार पत्रों के माध्यमों से इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से सर्व साधारण को तामिल कराया जा रहा है। अतः यह आदेश एक पक्षीय पारित किया जाता है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (5) के अंतर्गत आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील होगा। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी।

यह आदेश दिनांक 23/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया है।

(कलेक्टर महोदय द्वारा आदेशित)

अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी
Additional District Magistrate
Bhopal

पृष्ठांकन क्रमांक/96 /रीडर /अजिद/2025 भोपाल,दिनांक 23/01/2025

प्रतिलिपि :- सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

1. आयुक्त भोपाल संभाग भोपाल की ओर सूचनार्थ ।
2. पुलिस आयुक्त, भोपाल की ओर सूचनार्थ ।
3. पुलिस महानिरीक्षक भोपाल (देहात) भोपाल ।
4. आयुक्त नगर निगम भोपाल।
5. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत भोपाल।
6. समस्त अपर जिला मजिस्ट्रेट, समस्त एसडीएम/समस्त कार्यपालिक मजिस्ट्रेट भोपाल।
7. समस्त पुलिस उपायुक्त/पुलिस अधीक्षक भोपाल देहात/समस्त अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त/ समस्त उप पुलिस उपायुक्त/समस्त थाना प्रभारी भोपाल।
8. वन संरक्षक एवं पदेन वनमण्डाधिकारी भोपाल की ओर सूचनार्थ ।
9. केन्द्र निदेशक आकाशवाणी /दूरदर्शन भोपाल।
10. उप संचालक, संभागीय जनसंपर्क भोपाल ।
11. प्रभारी अधिकारी पुलिस नियंत्रण कक्ष, जहाँगीराबाद भोपाल।

अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी
जिला भोपाल
Additional District Magistrate
Bhopal

ध्वनि प्रदूषण नियम 2000 तथा म.प्र.कोलाहल नियंण अधिनिमय 1985 के प्रावधानों का पालन किया जाना अनिवार्य होगा। यदि किसी द्वारा व्यक्ति इन प्रावधानों का उल्लंघन किया जाता है तो मध्यप्रदेश कोलाहल नियत्रण अधिनियम 1985 की धारा 15 एवं 16 के तहत शास्ति अधिरोपित करने एवं जप्ती की कार्यवाही की जाए। यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील होगा। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी।

# तिरंगा लहराकर, हर्षोल्लास, उमंग एवं उत्साह के साथ जिले में मनाया गया गणतंत्र दिवस समारोह

## एमपीपीएससी में चयनित प्रतिभागियों व अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रभारी मंत्री ने किया सम्मानित

## सभ्यता, संस्कृति की गौरव गाथा के अनुरूप गण और तंत्र समवेत होकर करें कार्य- प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार

**अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर**

अनूपपुर। मध्यप्रदेश शासन के वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री तथा अनूपपुर जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार ने जिलेवासियों को भारतीय गणराज्य के 76वें गणतंत्र दिवस पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम सब भारतीय सभ्यता और संस्कृति की गौरव गाथा के अनुरूप गण और तंत्र समवेत होकर आत्म-निर्भर देश एवं प्रदेश के निर्माण में योगदान दें। मध्यप्रदेश को आगे बढ़ाने और विकास के लिये हर नागरिक अपना योगदान दे। आज राष्ट्र के जन-गण-मन में देशभक्ति और देश के लिए गर्व का भाव सशक्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस की वर्षगाँठ पर राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए शहीद राष्ट्रभक्तों और ज्ञात-अज्ञात सेनानियों के चरणों में विनम्र श्रद्धांजलि। आज संविधान निर्माताओं के प्रति भी कृतज्ञता ज्ञापित करने का दिन है। मध्यप्रदेश शासन के वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री तथा अनूपपुर जिले के प्रभारी मंत्री श्री दिलीप अहिरवार ने गणतंत्र दिवस पर अनूपपुर में आयोजित जिला स्तरीय मुख्य समारोह में झण्डा वंदन कर भव्य परेड की सलामी ली और जिलेवासियों को संबोधित किया। शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर के प्रांगण में झण्डा वंदन कर परेड की सलामी ली। पुलिस बैंड ने राष्ट्रगान की धुन बजाई। खुले वाहन में परेड का निरीक्षण किया। तत्पश्चात् समारोह के मुख्य अतिथि मंत्री श्री दिलीप अहिरवार ने मध्यप्रदेश शासन के मुख्यमंत्री का नागरिकों के नाम प्रसारित संदेश का वाचन किया तथा मुख्य अतिथि ने शांति के प्रतीक के रूप में तिरंगा गुब्बारों को खुले आसमान में छोड़ा।

### राष्ट्रीय ध्वज को दी सलामी

मुख्य समारोह में विशेष सशस्त्र बल 10 वीं वाहिनी (एस.ए.एफ.), जिला पुलिस बल (पुरुष), जिला पुलिस बल (महिला), जिला होमगार्ड बल, एन.सी.सी. सीनियर तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर, एन.सी.सी. जूनियर शा. उत्कृष्ट उ.मा.वि. अनूपपुर, जूनियर स्काउट गाइड शा. मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर, सीनियर स्काउट शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर, स्काउट गाइड शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रेडक्रास शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर, स्काउट गाइड सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर तथा महिला बाल विकास विभाग के शौर्या दल ने मार्चपास्ट किया और राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी।

### शहीदों के परिजनों का किया गया सम्मान

गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री तथा अनूपपुर जिले के प्रभारी मंत्री ने देश की सेवा में वीर गति को प्राप्त करने वाले शहीदों के परिजनों तथा लोकतंत्र सेनानियों का शॉल-श्रीफल देकर सम्मान किया।









### देशभक्ति के रंग में रंगकर मनाया गणतंत्र दिवस

जिले में 76 वाँ पावन राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस गरिमामय तरीके से उत्साहपूर्वक व देशभक्ति के रंग में रंगकर नागरिकों ने मनाया। प्रातःकाल से ही देशभक्ति से ओतप्रोत मधुर गीतों की ध्वनि गुंजायमान रही। जिला मुख्यालय से लेकर गांव तक तिरंगे के प्रति कर्तव्य भाव देखा गया। गणतंत्र दिवस का पर्व आज़ादी के सैनानियों के अदम्य शौर्य, साहस, त्याग और बलिदान से प्रेरणा लेकर विकसित भारत बनाने के लिए प्रतिबद्ध होने का अवसर है। गरिमामय तरीके से झंडा वंदन के साथ जनगणमन राष्ट्रगान किया गया।

### विद्यालयो को मिला सम्मान

26 जनवरी के कार्यक्रम में लिटिल फ्लावर प्ले स्कूल को विशेष स्थान प्राप्त हुआ तथा जूनियर वर्ग में बाल भारती पब्लिक स्कूल जैतहरी को प्रथम, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर को द्वितीय तथा शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी प्रकार सीनियर वर्ग में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर को प्रथम, एकलव्य आवासीय विद्यालय को द्वितीय एवं शासकीय कन्या शिक्षा परिसर अनूपपुर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। जिन्हें मध्यप्रदेश शासन के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री एवं अनूपपुर जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार ने शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

### उपलब्धियों पर आधारित झांकियाँ निकाली गईं

गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह में शासकीय योजनाओं और उपलब्धियों पर आधारित झांकियाँ निकाली गईं। जिनमें महिला एवं बाल विकास विभाग, पर्यटन विभाग, सर्व शिक्षा अभियान, किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, आईटीआई कौशल विकास विभाग, मत्स्य पालन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जनजातीय कार्य विभाग द्वारा सरकारी योजनाओं की आकर्षक रूप से झांकी के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग की झांकी को प्रथम स्थान, पर्यटन विभाग की झांकी को द्वितीय स्थान एवं जनजातीय कार्य विभाग की झांकी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। जिन्हें मध्यप्रदेश शासन के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री एवं अनूपपुर जिले के प्रभारी मंत्री ने शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

### बर्री में आयोजित विशेष भोज में हुए शामिल

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण अंतर्गत जिले के लक्षित सभी शालाओं के विद्यार्थियों को विशेष भोज कराया गया। जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री तथा अनूपपुर जिले के प्रभारी मंत्री विकासखण्ड जैतहरी अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला बर्री में आयोजित विशेष भोज में शामिल हुए। जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी, शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

## MPPSC में चयनित प्रतिभागियों को किया सम्मानित

अनूपपुर 26 जनवरी 2025- मध्यप्रदेश शासन के वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री एवं अनूपपुर जिले के प्रभारी मंत्री ने आयोजित मुख्य समारोह में मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग परीक्षा के माध्यम से डिप्टी कलेक्टर पद पर चयनित अभ्यर्थी धर्म प्रकाश मिश्रा पिता कमलभान मिश्रा निवासी जमुना कोतमा, अनूपपुर एवं सहायक संचालक, शिक्षा विभाग के पद पर चयनित अभ्यर्थी सुश्री आयुषी अग्रवाल पिता गिरधारी लाल अग्रवाल निवासी जैतहरी अनूपपुर को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया।



















# नेशनल पार्क वन विहार में मैं भी बाघ'' और हम हैं बदलाव'' थीम पर आधारित शिविर का आयोजन

रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश





वन विभाग द्वारा अनुभूति कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूली विद्यार्थियों को वन्य-जीव और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिये वन विहार में शिविर आयोजित किया गया। शिविर ÷मैं भी बाघ'' और ÷हम हैं बदलाव'' थीम पर आधारित था। शिविर में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीएम राइज सरदार पटेल स्कूल करोंद भोपाल के छात्र-छात्राओं और शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया। शिविर में छात्र-छात्राओं को अनुभूति बुक, बैग, कैप, ब्रोशर के साथ जलीय पक्षी, स्थलीय पक्षी, तितली प्रजाति, गिद्ध कुंजी के ब्रोशर भी दिये गये। छात्र-छात्राओं को पक्षी दर्शन, वन्य-जीव दर्शन, प्रकृति पथ-भ्रमण और स्थल पर विद्यमान वानिकी गतिविधियों की जानकारी दी गयी। छात्र-छात्राओं को पर्यावरण से संबंधित रोचक गतिविधियाँ भी करायी गयीं। छात्र-छात्राओं को बाघ पर बनी फिल्म भी दिखायी गयी। शिविर में वन्य-जीवों का रेस्क्यू कैसे किया जाता है, इसके संबंध में वन विहार में उपलब्ध रेस्क्यू वाहन के माध्यम से रेस्क्यू टीम द्वारा अवगत कराया गया। अनुभूति कार्यक्रम के मास्टर ट्रेनर सेवानिवृत्त उप वन संरक्षक, बॉयोलॉजिस्ट द्वारा छात्र-छात्राओं को वन्य-जीव और पर्यावरण के बारे में जानकारी दी गयी। शिविर के समापन अवसर पर संचालक वन विहार सहायक संचालक वन विहार और अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। आगामी अनुभूति शिविर 30 जनवरी को वन विहार में होगा।

# शहडोल-चोरी के 05 आरोपियों को जैतपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

रिपोर्टर रोहित तिवारी शहडोल



शहडोल। फरियादी संतोष सिंह पिता स्व. तिलकराज सिंह उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम विरौड़ी थाना जैतपुर की रिपोर्ट पर थाना जैतपुर में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध चोरी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना दिनांक 28/01/25 को चोरी में शामिल आरोपी क्रमशः करण सिंह चंदेल पिता रामेश्वर सिंह चंदेल उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम विरौड़ी, ईश्वरप्रसाद गुप्ता पिता छग्गेलाल गुप्ता, ओमप्रकाश सोनी उर्फ लाला पिता बलवंत सोनी, रामकुशल गुप्ता पिता सुन्नीलाल गुप्ता एवं रामकुमार गुप्ता पिता लाल्लाराम गुप्ता सभी निवासी ग्राम बिरौड़ी को गिरफ्तार किया जाकर उनके कब्जे से चोरी गया मशरुका कीमती लगभग 10,000/- रुपये जप्त किया गया। सभी आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। उक्त कार्यवाही थाना प्रभारी जैतपुर के नेत्तृत्व में प्रआर. रणबहादुर सिंह, रावेन्द्र वर्मा, अशोक सिंह, आर. जयेन्द्र सिंह एवं राकेश गोखले की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में आगामी आयोजित होने वाले जीआईएस समिट की तैयारीयों पर हुई चर्चा




**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश**

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में एडीएम सभी एसडीएम और संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन पर लंबित शिकायतों का संतोषजनक और त्वरित निराकरण किया जाए। इसके साथ ही, मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के समापन समारोह में प्राप्त आवेदनों की स्वीकृति और हितलाभ वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक के दौरान उन्होंने राजस्व महाअभियान 3.0 की समीक्षा करते हुए अधिकारियों द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने सभी एसडीएम को अवैध कॉलोनियों पर प्रकरण दर्ज करने के निर्देश भी दिए। जीआईएस समिट की तैयारियों को लेकर कहा कि यह आयोजन भोपाल के लिए एक अद्वितीय अवसर है। उन्होंने भोपाल शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए मिशन मोड पर काम करने और समिट की सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों से समर्पण और तत्परता के साथ काम करते हुए आयोजन को सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह समिट न केवल भोपाल बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है।

# इसरो का सौवां प्रक्षेपण भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है - डॉ. जितेंद्र सिंह

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश**







श्रीहरिकोटा से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के सफल 100 वें प्रक्षेपण पर अपनी पहली प्रतिक्रिया में केंद्रीय अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा ÷जीएसएलवी-एफ15/एनवीएस-02 मिशन का प्रक्षेपण न केवल एक और ऐतिहासिक मील का पत्थर है, बल्कि 100वां प्रक्षेपण है जो भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है डॉ.जितेन्द्र सिंह ने ऐसे महत्वपूर्ण समय में अंतरिक्ष विभाग के साथ जुड़ने पर गौरवान्वित भावना व्यक्त की, विश्व इसरो द्वारा लगातार दर्ज की गई असाधारण उपलब्धियों से आश्चर्यचकित है। केंद्रीय मंत्री श्रीहरिकोटा से जीएसएलवी के 100वें प्रक्षेपण के बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए डॉ. जितेंद्र सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि इसरो की स्थापना 1969 में हुई थी।भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र में बुनियादी ढांचे और निवेश दोनों के मामले में अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। उन्होंने बताया, ÷यह 100वां प्रक्षेपण अंतरिक्ष क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि है, श्रीहरिकोटा में तीसरा लॉन्च पैड बना रहे हैं और पहली बार तमिलनाडु के तूतीकोरिन जिले में एक नए लॉन्च स्थल के साथ श्रीहरिकोटा से आगे बढ़ रहे हैं।केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने अंतरिक्ष में निजी क्षेत्र की भागीदारी में तेजी से हो रही वृद्धि पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया, ÷2021 में, हमारे पास अंतरिक्ष स्टार्टअप की संख्या मुश्किल से एक अंक की थी। आज हम 300 के करीब हैं, जिनमें से कई विश्व स्तरीय उद्यम और उद्यमशीलता की सफलता की कहानियां हैं। भारत खुद को वैश्विक निजी अंतरिक्ष क्षेत्र में अग्रणी खिलाड़ी के रूप में स्थापित कर रहा है।÷ इस वृद्धि का वास्तविक आर्थिक प्रभाव हुआ है - इस क्षेत्र में निवेश में वृद्धि हुई है, अकेले 2023 में 1,000 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है। अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था, जिसका वर्तमान मूल्य 8 बिलियन है, अगले दशक में 44 बिलियन तक पहुंचने का अनुमान है, जो वैश्विक स्तर पर अंतरिक्ष महाशक्ति के रूप में भारत की भूमिका को और मजबूत करेगा। डॉ. जितेंद्र सिंह ने वाणिज्यिक अंतरिक्ष प्रक्षेपणों में भारत के बढ़ते प्रभुत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, ÷आज, 90 प्रतिशत विदेशी उपग्रह प्रक्षेपण इसरो के माध्यम से किए जा रहे हैं, जो हमारी क्षमताओं में वैश्विक विश्वास को दर्शाता है। सोशल मीडिया पर डॉ. जितेंद्र सिंह ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन को उत्कृष्टता के प्रति उसकी अटूट प्रतिबद्धता और अंतरिक्ष अन्वेषण में लगातार बेहतर प्रदर्शन करने की क्षमता के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा, ÷100वां प्रक्षेपण÷ श्रीहरिकोटा से 100वें प्रक्षेपण की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने के लिए इसरो को बधाई।

# मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान का हुआ सफल समापन।

**अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर**



अनूपपुर /बिजूरी। नगरपालिका परिषद बिजुरी के सभागार कक्ष में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान का समापन समारोह आयोजित किया गया जिसमें प्रदेश सरकार के बतौर कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल, नगरपालिका अध्यक्षा सहबिन पनिका उपाध्यक्षा प्रीति सतीश शर्मा सहित मुख्य नगरपालिका अधिकारी पवन कुमार साहू सहित सभी वार्ड प्रतिनिधि एवं नपाकर्मी व आमजन उपस्थित हुए। इस दौरान प्रदेश सरकार के मुखिया डॉ. मोहन यादव का उद्बोधन उपस्थितजनों को प्रोजक्टर के माध्यम से दिखाया-सुनाया गया।

**मंत्री जायवाल ने उपस्थितजनों को उद्बोधित कर नयी जेसीबी मशीन को दिखाया हरी झंडी-**

कार्यक्रम के दौरान प्रदेश सरकार के कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल द्वारा लोगों को उद्बोधित करते हुए भाजपा सरकार के जनहित व जन कल्याणकारी नीतियों का स्पष्ट बखान करते हुए लोगों को अवगत कराया गया। साथ ही नगरपालिका परिषद बिजुरी में खरीदी किए गए नए जेसीबी मशीन को हरी झंडी दिखाकर नगर विकाश कार्य के लिए सौंपा गया।

# कुंभ स्नान के लिए जा रहे ब्यौहारी के युवकों पर रेलवे स्टेशन में चली चाकू, रूपयो से भरा बैग लेकर भागे बदमाश

रिपोर्टर रोहित तिवारी

शहडोल। ब्यौहारी के कुछ युवक महाकुंभ प्रयागराज स्नान के लिए जा रहे थे, तभी रेलवे स्टेशन पर अज्ञात बदमाशों ने उन पर चाकू से हमला कर रूपयो से भरा बैग छोडा कर फरार हो गए, इस घटना में एक युवक के चाकू लगी है, जिसे उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। घटना जबलपुर रेलवे स्टेशन में हुई है। जानकारी के अनुसार मौनी अमावस्या पर स्नान के लिए महाकुंभ प्रयागराज जा रहे ब्यौहारी के युवकों पर जबलपुर रेलवे स्टेशन में बदमाशों ने चाकू से हमला कर रुपए छुड़ा लिए। ब्यौहारी निवासी पवन गुप्ता की बहन की शादी जबलपुर में हुई है। शादी के बाद प्रयागराज जाने के लिए पवन के साथ उसके दोस्त विशाल गुप्ता 23 वर्ष, रितिक गुप्ता 23, अयुश केशरी 24, सत्यम गुप्ता 22 व लालचन्द गुप्ता 23 वर्ष रात्रि करीब दो बजे जबलपुर स्टेशन के प्लेटफॉर्म नम्बर एक के सामने पहुंचे। जैसे ही वे ऑटो से उतरकर अपना सामान निकाल रहे थे उसी समय फोर व्हीलर वाहन से अज्ञात बदमाश पहुंचे और युवकों से कुछ कहा सुनी हो गई, जिसके बाद हाथापाई कर चाकू से हमला कर 20 हज़ार रुपये से भरा बैग लेकर भाग गए। विशाल गुप्ता की जांघ में चाकू से हुए हमले के बाद टांके लगाए गए। उपचार के बाद युवक को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है शिकायत पर जबलपुर में प्रकरण दर्ज किया गया, वहीं सभी युवक वापस ब्यौहारी लौट आए। घटना जबलपुर के सिविल लाइन थाना की है, सिविल लाइन थाना प्रभारी नेहरू खंडसे ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है, तीन आरोपियों की पहचान कर ली गई है । आरोपी अभी फरार हैं। आरोपियों के विरुद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना जारी है।युवकों से कार सवार युवकों की कुछ कहा सुनी हुई थी जिस पर दोनों का विवाद हुआ और इसी बीच चाकू चली है। एक युवक को चाकू लगी थी, उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी देकर उन्हें सभी को वापस उनके घर भेज दिया गया है।

# 6 माह से फरार राजा कबाड़ी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रिपोटर रोहित तिवारी शहडोल**



शहडोल। जिले के खैरहा पुलिस ने 6 माह से फरार आरोपी राजा कबाड़ी अमलाई को बुढ़ार से गिरफ्तार कर लिया है। लंबे समय से फरार आरोपी गुलाम हुसैन उर्फ राजा कबाड़ी पिता स्वर्गीय जुल्फकार उम्र 49 साल निवासी बस स्टैंड के पास अमलाई थाना चचाई जिला अनूपपुर को गिरफ्तार किया गया है। उक्त कार्यवाही में अनुविभागीय अधिकारी धनपुरी अभिनव मिश्रा के मार्गदर्शन में फरार आरोपियो की पता तलाश एवं गिरफ्तारी हेतु एक विशेष टीम का गठन किया गया था जिसमें थाना प्रभारी खैरहा दिलीप सिंह व पुलिस टीम की सहयोग से यह सफलता मिली है। राजा कबाड़ी अमलाई में कई वर्षों से अवैध कबाड़ का ठीहा चलाता है। राजा बेरोजगार युवकों से कबाड़ व अन्य सामानों की चोरी करवाता है। पहले भी कई मामलों में यह सुर्खियां बटोर चुका है।

# सोसायटी मे जाकर छीने दस्तावेज, शासकीय कार्य में डाली बाधा, दो आरोपियों पर मामला दर्ज

**रोहित तिवारी शहडोल**
**शहडोल। सादिक खान**

शहडोल । जिले के बुढार थाना क्षेत्र अंतर्गत आदिम जाति सहकारी सेवा समिति चन्नौडी में जाकर शासकीय कार्य में व्यवधान उत्पन्न करने वाले दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है ।आरोपियों में कृष्ण कुमार मिश्रा पिता हरिवंश कुमार मिश्रा तथा विकाश पाण्डेय पिता ओमप्रकाश पाण्डेय दोनों निवासी ग्राम चन्नौडी थाना बुढार शामिल हैं । आरोपियों के विरुद्ध बी एन एस की धारा 132, 221, 3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया है । इस सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसार आरोपी कृष्ण कुमार मिश्रा द्वारा बीते दिवस लैप्स चन्नौडी में अपनी धान बिक्री करने के लिए गया था ।जहां उसकी धान लेने नके बाद उसे उसकी विधिवत रसीद काटकर दी गयी । लेकिन आरोपी द्वारा पहले तो एक बोरी और धान की रसीद कम दिए जाने की बात कही गयी ,इसे लेकर वहाँ पदस्थ कर्मचारी कमलेश श्रीवास्तव के साथ अभद्रता की गयी । इसके बाद आरोपी कृष्ण कुमार द्वारा सीएम हेल्प लाइन में लैम्प्स चन्नौडी की एक शिकायत की गयी । कल जब उक्त शिकायत की जांच करने शहडोल से दो सदस्यीय टीम लैप्स चन्नौडी पहुंची तो उन्होंने शिकायत कर्ता कृष्ण कुमार मिश्रा को बुलवाया तो वह अपने साथ विकास पाण्डेय के साथ वहाँ पहुँचा । जहां जांच करने वाली तेम के सामने ही उक्त दोनों लोग अभद्रता कर जांच लैप्स कर्मचारी श्री श्रीवास्तव के साथ साथ जांच टीम पर ही आरोप लगाना शुरू कर दिए ,इतना ही नहीं दोनों आरोपियों द्वारा शासकीय दस्तावेज भी छीनने का प्रयास किया । गाली गलौज भी की गयी । जिसके बाद उक्त घटना की शिकायत लैम्प्स कर्मचारी कमलेश श्रीवास्तव द्वारा बुढार थाने में दर्ज कराई गयी । जिस वक्त यह सब हुआ उस समय शहडोल से आई जांच टीम के दोनों सदस्य भी मौजूद थे । शिकायत के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है । साथ ही जांच टीम द्वारा इस कृत्य से कलेक्टर को भी अवगत कराए जाने की बात कही गयी है । पुलिस ने बताया कि उक्त दोनों आरोपियों के खिलाफ पूर्व से भी थाने में आपराधिक मामले दर्ज है , कुछ दिनों पहले आरोपी विकास पाण्डेय द्वारा के विरुद्ध एक शासकीय चिकित्सक के द्वारा भी बुढार थाना में मामला दर्ज कराया गया था । उक्त मामले में अभी वह जमानत पर है ,इसी प्रकार कृष्ण कुमार मिश्रा के खिलाफ भी अन्य आपराधिक म्मामला दर्ज होने की बात पुलिस द्वारा बताई जा रही है । बहरहाल इस मामले में आज लैम्प्स कर्मचारियों के ब्यान पुलिस द्वारा दर्ज किया गया है ,तत्पश्चात आरोपियों के खिलाफ आगे की कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# सड़क हादसे में युवक की मौत, तीन घायल, तेज रफ्तार बाइक पेड़ से टकराई

रिपोर्टर रोहित तिवारी शहडोल



शहडोल। जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई तो तीन गंभीर रूप से घायल हुए हैं। केशवाही में एक तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे लगे पेड़ से टकरा गई जिससे बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। तो दूसरी घटना ब्यौहारी थाना क्षेत्र के वन बिहार के पास हुई जहां तेज रफ्तार कार ने बाइक को ठोकर मार दी जिससे बाइक में सवार दो महिलाओं सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घटना के बाद पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया है। बताया गया कि केशवाही चौकी के सकरा गांव में तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे लगे पेड़ से टकरा गई जिससे बाइक सवार प्रेमलाल चौधरी (45) की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई, परिजनों ने बताया कि प्रेमलाल ठोलकु गांव में मामा के घर से एक गमी के कार्यक्रम में शामिल होकर अपने घर सकरा लौट रहा था। तभी घर के पहले सड़क किनारे लगे एक पेड़ से युवक की बाइक टकरा गई और उसकी मौत हो गई। परिवार के अन्य सदस्य भी अलग-अलग वाहनों से वापस लौट रहे थे, तभी रास्ते में सड़क किनारे प्रेमलाल की बाइक को पड़ा देख परिजनों को इसकी जानकारी लगी, जिसके बाद पुलिस को मामले की खबर दी गई। जानकारी लगने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच युवक के शव को अपने कब्जे में लेकर कार्यवाही शुरू कर दी है। चौकी प्रभारी आशीष झारिया ने बताया कि तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे लगे पेड़ से टकराने से युवक की मौत हुई है बाइक में युवक अकेला ही सवार था मामले पर मर्ग कायम किया गया है। दूसरी घटना जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के वन विहार के पास घटी है, जहां रीवा से शहडोल की ओर आ रही तेज रफ्तार कार ने सामने से आ रही मोटरसाइकिल को ठोकर मार दी, जिसमे बाइक में सवार दो महिला एवं बाइक चालक गंभीर रूप से इस घटना में घायल हुए हैं। दोनों वाहन तेज रफ्तार होने से यह घटना घटी है, घटना में कार भी क्षतिग्रस्त हुई है। घटना देख स्थानीय लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस व 108 एंबुलेंस को दी जानकारी लगने के बाद पुलिस व एंबुलेंस मौके पर पहुंची और गंभीर घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से सिविल अस्पताल ब्यौहारी में भर्ती करवाया गया है।

# कांग्रेस के लोग सदैव सनातन धर्म पर ही क्यों उठाते हैं सवाल - अमिता चपरा


**रिपोर्टर रोहित तिवारी शहडोल**



शहडोल ~-- भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के राष्टीय अध्यक्ष फूंका पुतला भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा के मार्गदर्शन में नगर भाजपा एवं युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रियम त्रिपाठी के नेतृत्व में मंगलवार को शहडोल नगर के न्यू गांधी चौक में भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर कांग्रेस के राष्टीय अध्यक्ष द्वारा करोड़ों सनातनी हिंदुओं की आस्था को ठेस पहुंचाने एवं विवादित टिप्पणी करने पर भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के राष्टीय अध्यक्ष का फूंका पुतला लगाए मुर्दाबाद के नारे भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा ने कांग्रेस के राष्टीय अध्यक्ष के विवादित बयान पर कड़ी आलोचना की है भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया है कि एक वीडियो में कांग्रेस के राष्टीय अध्यक्ष ने मल्लिकार्जुन खरगे का विवादित बयान, आया की %गंगा में डुबकी लगाने से गरीबी नहीं हटती% जिसकी जितनी आलोचना की जाए उतना ही कम है भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा ने कहा कि कांग्रेस सदैव सनातन धर्म पर एवं उनके मठ मंदिरों पर ही हमेशा सवाल उठाती चली आई है कांग्रेस के लोग राजनीति नहीं सनातन धर्म को नष्ट करने के लिए सदैव अनाप-शनाप बयान बाजी करते नजर आते हैं देश भर के करोड़ों लोगों की आस्था के केंद्र महाकुंभ पर इस तरह का टिप्पणी करना बेहद ही उनकी मंद बुद्धि का प्रमाण है आज जहां देश के कोने-कोने से लोग महाकुंभ में मां गंगा त्रिवेणी संगम पर पहुंच रहे हैं यह एक देश की एकता अखंडता और धर्म की पटाखा को ऊंचा करने का अवसर है प्रयागराज महाकुंभ में आज देश के कौन है कौन से करोड़ों लोग अपनी आस्था विश्वास और अपने सनातन धर्म का पालन के लिए वहां पहुंच रहे हैं जिस पर प्रशासन ने पूरे पुख्ता इंतजाम कर रखे हैं लेकिन उसके बावजूद कांग्रेस के लोग सुर्खियों पर बने रहने के लिए उसे पर अपनी राजनीति की रोटी सेक रहे ऐसे धर्म सामाजिक कार्यक्रमों में हर राजनीतिक दल को बढ़-चढ़कर अपना सहयोग देना चाहिए ना की सनातन धर्म के आयोजनों पर प्रश्न चिन्ह रूपी टिप्पणी करना चाहिए। पुतला दहन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा, भाजपा संतोष लोहानी, मनोज सिंह आर्मो ,शीतल पोद्दार, दीपक शर्मा, प्रवीण शर्मा डोली, योगेंद्र चतुर्वेदी ,विजय गुप्ता, राकेश सोनी, मनोज गुप्ता पिंकू शुक्ला, चंद्रेश द्विवेदी, सूर्यकांत मिश्रा, नगर भाजपा एवं युवा मोर्चा जिलाअध्यक्ष प्रियम त्रिपाठी, अमित दुबे गोल्डी ,अमित गुप्ता बंटी, सुनील मिश्रा, रोहित कटारे, विजय जसवानी, अनमोल सोनी, आशीष तिवारी संतोष रावत, अरुण पटेल प्रवीण नामदेव ,राजेंद्र गौतम, राजीव शर्मा, रामनारायण पांडे, रितेश गुप्ता ,सुनीता तर्किहार ममता प्यासी, राखी शर्मा सहित सैकड़ो की संख्या में भाजपा ,युवा मोर्चा के कार्यकर्ता पुतला दहन कार्यक्रम में उपस्थित रहे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट द्वारा दी गई।










# जल संरक्षण पर कार्यशाला

**मथुरा।** अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कालेज में महाविद्यालय की स्काउट गाइड यूनिट की ओर से जल संरक्षण के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यशाला के मुख्य वक्ता स्काउट कमिश्नर डॉ अखिलेश यादव ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि अगर हम पानी की बर्बादी को नहीं रोकते है तो अगला विश्वयुद्ध पानी को लेकर ही होगा । जिस तरह से आज हम अपने घरों, संस्थानों, प्रतिष्ठानों में पानी का दुरुपयोग कर रहे हैं तो निकट भविष्य में उसके दुष्परिणाम देखने को मिलेंगे । ब्रज की स्थिति पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए उन्होंने कहा कि प्राचीन समय का बृज घाटो और वनों से भरा हुआ था परंतु आज यमुना का जल स्तर बहुत नीचे है और यमुना का जल इतना प्रदूषित है कि उसका आचमन करना मुश्किल हो रहा है । रेन वाटर हार्वेस्टिंग, आधा गिलास पानी, वधू आगमन पर एक पेड़ लगाओ मुहिम आदि के माध्यम से जल संरक्षण को बढ़ावा दिया जा सकता हैं । महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अनिल कुमार वाजपेयी जी ने मुख्य अतिथि का स्वागत स्मृति चिह्न भेट कर किया ।इस अवसर पर कॉलेज की स्काउट यूनिट अहिल्याबाई होल्कर की ओर से जल संरक्षण विषय पर एक पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमे प्रिया शर्मा प्रथम मोनिका द्वितीय, वंशिका तृतीय एव एकता ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया गया ।सम्पूर्ण कार्यक्रम का संयोजन रेंजर लीडर श्रीमती सारिका भाटिया द्वारा किया गया । संचालन डॉ मनोरमा कौशिक ने किया । डॉ आरती पाठक , डॉ सरिता, नूतन देहर , मांडवी राठौर डॉ पंकज,दीक्षा, कनिका ,चंचल दामोदर घोष,आदि प्रवक्ता कार्यक्रम में उपस्थित रहे ।











महाकुंभ मा सिद्ध,महात्मा,
अउ लाखों भक्त सकलाए हे।
तभो ले इहां भगदड़ होगे,
दर्जनों के जान गंवाए हे।
अंधभक्त हो अब तुम बोलो,
कहां तुंहर भगवान हे।
अमृत स्नान मा मौत मिलत हे,
ये तीर्थ हे कि समसान हे।।

**लक्ष्मी नारायण कुम्भकार सचेत दुर्ग (छ०ग०)**

गणतंत्र दिवस की सभी भारतवासियों को

बहुत-बहुत हार्दिक बधाई एवं मंगलकामनाएं।

इस गणतंत्र दिवस के मौके पर गणतंत्र के महानायक एवं भारतीय संविधान के शिल्पकार परम पूज्य बोधिसत्व भारत रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी को कोटि-कोटि नमन।

संविधाननिर्माता
राष्ट्रनिर्माता बाबासाहेब
#Republic day India
गबर सिंह विदिशा

Republic Day
26 JANUARY

# अजाक्स कार्यालय सतना में धूम-धाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस







**कैलाश कुमार - युवा प्रदेश (सह संपादक)**

सतना - मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति/जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ (अजाक्स)जिला इकाई सतना द्वारा विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी 26 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस बड़े धूम-धाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।अजाक्स कार्यालय आर-102,सिविल लाइन कोठी रोड सतना में माननीय,रामकलेश साकेत अजाक्स अध्यक्ष सतना ने कार्यक्रम में सम्मिलित अजाक्स के पदाधिकारियों एवं कोचिंग कैरियर के छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय गान के साथ संविधान की प्रस्तावना -उद्देश्यिका का वाचन कराया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कर्मचारी/अधिकारी एवं अजाक्स निःशुल्क कोचिंग कैरियर मार्गदर्शन के छात्र-छात्राएँ उपस्थित हुए।

# कोटर तहसील से कलेक्ट्रेट तक भीम आर्मी जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में पैदल यात्रा



कैलाश कुमार - युवा प्रदेश (सह संपादक)

सतना - देश के संविधान निर्माता बाबा साहब जी की प्रतिमा कोटर तहसील में स्थापित की गई जिसमें मनुवादी विचारधारा के लोगो एवं जातिवादी मानसिकता रखने वाले प्रशासनिक अधिकारीयो द्वारा बड़े बल पूर्वक बाबा साहब की प्रतिमा हटाई गई थी जिसको लेकर भीम आर्मी जिला अध्यक्ष विजय वर्मा, जिला सचिव मोतीलाल साकेत के नेतृत्व में कोटर तहसील से कलेक्ट्रेट तक पैदल यात्रा निकाली जा रही है जिसमें आजाद समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील अशस्ते जी का आगमन होने जा रहे है जिसमें काफी अधिक जनसंख्या में लोगों की पहुंचने की उम्मीद बताई जा रही है।




# गणतंत्र दिवस के पूर्व संध्या पर क्षेत्रीय कवि सम्मेलन संपन्न हुआ




**बिलासपुर।** शिक्षक एवं साहित्यकार जगतारन डहरे के कुशल संचालन में नगर पंचायत मल्हार डिंडेश्वरी मंदिर परिसर में 76 वें गणतंत्र दिवस के पूर्व संध्या मैत्री एकता साहित्यिक मंच के तत्वावधान में क्षेत्रीय कवि सम्मेलन संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फिल्म निर्माता निर्देशक श्री सुनील दत्त मिश्रा जी विशिष्ट अतिथि कथा, पटकथा, संवाद लेखक,गीतकार श्री दिलीप कौशिक जी एवं अध्यक्षता वरिष्ट कृषि वैज्ञानिक क्षेत्रीय प्रबंधक डॉ चंद्रशेखर खरे जी ने की। इस अवसर पर मस्तूरी क्षेत्र के वरिष्ट गीतकार, संगीतकार, साहित्यकार मा. दशरथ मतवाले जी , जाँजगीर-चाँपा जिला के वरिष्ट साहित्यकार ठाकुर व्यास सिंह गुमशुम,शिवकुमारी निराला, शुभद्रा कश्यप, मस्तूरी क्षेत्र के प्रसिद्ध गजलकार अधिवक्ता राजकिशोर पाण्डेय, डॉ दुर्गा प्रसाद मेरसा ,हरीश पाण्डल, टेकचंद पाण्डल, सानुज सोनी एवं जतन कुमार कैवर्त ने गणतंत्र दिवस के पूर्व संध्या पर आयोजित क्षेत्रीय कवि सम्मेलन में राष्ट भक्ति से ओतप्रोत काव्य-पाठ कर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन शा. उ. मा. वि. मल्हार के वरिष्ठ व्याख्याता एवं मैत्री एकता साहित्यिक मंच बिलासपुर के अध्यक्ष जगतारन डहरे ने की। इससे पहले जाँजगीर-चाम्पा जिला से आए हुए मितानिनों के समूह को नगर पंचायत-मल्हार के विभिन्न दार्शनिक स्थल जैसे देउर मंदिर, पातालेश्वर मंदिर एवं डिड़ेनेश्वरी मंदिर का भ्रमण एवं दर्शन कराया गया मंदिर परिसर के भोजन कक्ष में सभी अतिथियों के लिए चाय नाश्ता एवं भोजन का व्यवस्था किया गया था। कार्यक्रम को सफल बनाने में सर्व श्री अनिल बंजारे, राजेन्द्र नेताम, रवि देवांगन, गिरीश बाई पटेल, फोटोबाई टण्डन, गायत्री यादव,केकती बाई बघेल, गनेशी बाई यादव, पूर्णिमा टण्डन, उमेश श्रीवास, नोबेल श्रीवास, रामरतन श्रीवास, महेतरू मधुकर, दिलीप भूषण कुर्रे,वरिष्ट साहित्यकार भरत मस्तूरिया, दिलीप पाण्डेय, मदन सिंह ठाकुर,सतीश बर्मन,संजय टण्डन, धनाराम जाँगड़े एवं स्थानीय पत्रकार सर्व श्री हरिशंकर पाण्डेय, शेषनारायण गुप्ता,राजेश पाण्डेय जी एवं डिंडेश्वरी मंदिर समिति के सदस्यों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में बिलासा देवी संस्कृत विद्यालय के अध्यक्ष श्री जतन कुमार कैवर्त ने आए हुए समस्त अतिथियों का आभार प्रकट कर कार्यक्रम समापन की घोषणा किया।





तंग आकर हम भी उनके जुल्म से बेदाद से !
चल दिए सु-ए-अदम जिंदाने फैज़ाबाद से !!

कुछ आरजू नहीं है, है आरजू तो यह है !
रख दे कोई ज़रा-सी, ख़ाके वतन कफ़न में !

भारतीय लोकतंत्र के महापर्व 76वें गणतंत्र दिवस की सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

आइए, इस अवसर पर हम सभी संविधान के उच्च आदर्शों का स्मरण कर देश की एकता, अखण्डता एवं सम्प्रभुता को बनाए रखने का संकल्प लें


# एड्स जागरूकता रैली निकालीगई'




**पत्रकार बीआर अहिरवार नर्मदापुरम।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम में प्राचार्य डॉक्टर आर.के. चौकसे के संरक्षण में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत एड्स जागरूकता रैली निकालकर ÷ चाहे जो मजबूरी हो एड्स से सुरक्षा जरूरी है÷ नारे लगाकर जनजागरण किया कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर वर्मा ने कहा कि वर्तमान में युवाओं में एड्स के प्रति जागरूकता लाना अनिवार्य है, मानव जीवन की सुरक्षा करना वर्तमान की प्राथमिकता होनी चाहिए जब युवा स्वस्थ होंगे तब भारत स्वस्थ होगा ।डॉक्टर सुनील कुमार दिवाकर ने कहा कि एड्स से बचाव के लिए एड्स जागरूकता का प्रचार प्रसार समुचित रूप से किया जाना चाहिए। छात्र धर्मेंद्र कटारे ने एड्स पखवाड़े में किए जाने वाले कार्यक्रम- नुक्कड़ नाटक, रंगोली प्रतियोगिता, संगोष्ठी आदि की जानकारी विद्यार्थियों को दी । युवा छात्र धर्मेंद्र कटारे मनीष कीर ,पाखी माहुरकर ,वैष्णवी मांझी, निकिता ,किरण परिहार, रजनी, सुरभि साहू, अभिषेक कीर, आशीष कीर आदि विद्यार्थियों ने एड्स से सुरक्षा के विभिन्न उपायों पर चर्चा की।

# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नशा मुक्ति अभियान चलाया गया



पत्रकार बीआर अहिरवार नर्मदापुरम। दिनाँक 29 जनवरी को प्रधानमंत्री महाविद्यालय ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नशा मुक्ति अभियान चलाया गया कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर ईरा वर्मा के नेतृत्व में नशा मुक्ति रैली तथा मानव श्रृंखला कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके तहत मानव श्रृंखला का निर्माण कर नशा नशा मुक्त समाज नशा मुक्त भारत बनाने की पहल की गई अगला चरण में नशा मुक्ति रैली निकालकर युवाओं को नशा नहीं करने का संदेश दिया गया डॉ अमित जोशी ने युवाओं को नशे से दूर रहने अपने जीवन एवं स्वस्थ कि सुरक्षा करने का संदेश दिया तथा नशा मुक्त भारत के निर्माण में योगदान करने की अपील की कार्यक्रम में डॉक्टर बी एल राय डॉक्टर आर एस गोरे डॉक्टर कमल भादवा डॉ दिनेश श्रीवास्तव सुनील दिवाकर डॉक्टर यास्मीन खान तथा छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

# जिले के नवागत कलेक्टर श्री अरूण कुमार विश्वकर्मा ने किया पदभार गृहण, कलेक्टर कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का किया निरीक्षण

**हल्केवीर सूर्यवंशी, संभागीय पत्रकार**



रायसेन। जिले के नवागत कलेक्टर श्री अरुण कुमार विश्वकर्मा द्वारा 29 जनवरी 2025 को कलेक्ट्रेट कार्यालय में पदभार गृहण किया गया। इसके पूर्व वह राज्य कृषि विपणन बोर्ड के अपर सचिव के पद पर नियुक्त थे। नवागत कलेक्टर श्री अरुण कुमार विश्वकर्मा 2014 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। पदभार गृहण करने के उपरांत उन्होंने कलेक्टर कार्यालय की सभी शाखाओं का निरीक्षण किया तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों से विभागीय गतिविधियों के बारे जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री अरूण कुमार विश्वकर्मा ने कर्मचारियों को समयबद्धता और पारदर्शिता के पूरी गंभीरता से काम करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री अरूण कुमार विश्वकर्मा ने डीएम कोर्ट, स्थापना शाखा, निर्वाचन शाखा, लोक सेवा प्रबंधन, जिला आबकारी कार्यालय, जनजातीय कार्य विभाग कार्यालय, शहरी विकास अभिकरण कार्यालय, जिला कोषालय कार्यालय, जनसम्पर्क कार्यालय, जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय, भू-अभिलेख कार्यालय सहित कलेक्ट्रेट परिसर में संचालित शाखाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया और उनके द्वारा संपादित किए जाने वाले विभागीय कार्यों की विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी काम समय पर हो, विभागीय लक्ष्य समय पर पूरे किए जाएं तथा आमजन की समस्याओं का पूरी तत्परता से निराकरण किया जाए। निरीक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर श्री मनीष शर्मा, एसडीएम श्री मुकेश सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# गणतंत्र दिवस पर नगर में ऐतिहासिक वाहन रैली युवाओं ने रचा इतिहास।



**हल्केवीर सूर्यवंशी, संभागीय पत्रकार**

उदयपुरा। आज गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर नगर उदयपुरा में ऐतहासिक भव्य वाहन रैली ठा. रमाकांत सिंह चौहान*एवं सत्या रघुवंशी के नेतृत्व में निकल गई इससे पहले उदयपुरा में कभी इतना बड़ा ग़ैर राजनीतिक कार्यक्रम नहीं हुआ जिसमें उदयपुरा एवं आस-पास के ग्रामो से भारी मात्रा में युवाओं ने हिस्सा लिया जिसमें सैकड़ो मोटरसाइकिल एवं सैकड़ो फोर व्हीलर वाहनों के साथ युवाओं ने बड़े धूमधाम से रैली का आगाज किया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पधारे मान.ठा. रामपाल सिंह जी राजपूत (पूर्व मंत्री ) भाई अभियान नरेंद्र पटेल , रामजी पटेल(जनपद उपाध्यक्ष), ठा. पवन सिंह राजपूत, ठा ग्राजेश प्रताप सिंह, ठा अवधेश प्रताप सिंह, अभिषेक श्रीवास्तव(मंडल अध्यक्ष भाजपा) हरिपाल सिंह राजपूत,अनुराग सिंह राजपूत (करणी सेना अध्यक्ष), आनंद कौरव (मंडल महामंत्री युवा मोर्चा) मानव वर्मा, नितेश राजपूत लक्की रघुवंशी, प्रिंस राजपूत, जीत विश्नोई,अंशुल धाकड़, सोम खटीक एवं क्षेत्र के वरिष्ठ एवं युवा साथी कार्यकर्ता बंधु कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद आभार।

# राष्ट्रीय बौद्ध महासभा रायसेन जिले की बैठक का आयोजन पंचशील बुद्ध विहार बेरखेड़ी चौराहा पर संपन्न



**हल्केवीर सूर्यवंशी, संभागीय पत्रकार**

रायसेन। राष्ट्रीय बौद्ध महासभा रायसेन जिले की बैठक का आयोजन पंचशील बुद्ध विहार बेरखेड़ी चौराहा पर आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि मा.डी. पी.गोलिया बौद्ध जी ( प्रदेश प्रभारी म.प्र., राजस्थान), मा.जे.पी.साकेत बौद्ध जी (अध्यक्ष- भोपाल संभाग ) की उपस्थिति में मा. वृन्दावन लाल बौद्ध जी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन मा.मुकेश बौद्ध जी (आई.टी.सेल. आर .बी.एम.) के द्वारा किया गया। जिसमे रायसेन जिले की कार्यकारिणी गठन पर विचार विमर्श कर मा. रतन सिंह चौधरी जी को सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। मा. हल्केवीर सूर्यवंशी जी (जिला उपाध्यक्ष), मा.वृन्दावन लाल बौद्ध जी (महासचिव),मा.दीपक पलया (संगठन सचिव), मा.लीलाकिशन अहिरवार जी (कोषाध्यक्ष) मनोनीत किये गए सभी का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। सभी का आभार गजराज सिंह सूर्यवंशी जी के द्वारा व्यक्त किया गया।

# मेरा सपना आत्मनिर्भर हो भारत अपना



**भावना मंगलमुखी**
**एक ट्रांसजेंडर लेखिका**
**पाली राजस्थान/**
**पालघर महाराष्ट्र**

दोस्तों आत्मनिर्भर से तात्पर्य है -- अपने आप पर निर्भर अर्थात अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति स्वयं करना।

वैसे एक बात यह भी स्पष्ट करना आवश्यक हो जाता है कि आजकल असीमित भौतिक आवश्यकताओं के युग में आत्मनिर्भर होना अपने आप में सिर्फ़ आदर्शवादी, हास्यास्पद और असंभव-सी बात ही लगती है क्योंकि कोई भी व्यक्ति सिर्फ़ अपने आप पर निर्भर रह ही नहीं सकता। उसे किसी न किसी बहाने दूसरे पर निर्भर रहना ही पड़ता है। इसलिए व्यवहारिक रूप से आत्मनिर्भर उसे भी माना जा सकता है, जो कम से कम इतना सक्षम हो, जो किसी भी प्रकार की अपनी आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं हेतु वांछित भुगतान कर सके।

इसी प्रकार कोई राष्ट्र भी भले सारी चीजें अपने देश में उत्पन्न या निर्माण न कर पाए लेकिन अन्य देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार घाटे में न रहे यानि उसका आयात उसके निर्यात से अधिक न हो और उस राष्ट्र का राजकोषीय घाटा न हो तो उस राष्ट्र को आत्मनिर्भर राष्ट्र समझा जा सकता है। वैसे प्राचीनकाल में भारत आए बहुत से विदेशी यात्रियों जैसे मेगस्थनीज, फहियान और ह्वेनसंग जैसे विद्वानों ने एक मत से इस बात का भी उल्लेख किया था कि यद्यपि भारत एक संसाधन संपन्न राष्ट्र है लेकिन यहां के बाशिंदे गरीब है। इसका अभिप्राय यह हुआ कि भारत प्राकृतिक दृष्टि से तो काफ़ी समृद्ध राष्ट्र है लेकिन यहां के लोगों ने उन संसाधनों का उपयोग ईमानदारी पूर्वक और विवेकपूर्ण तरीके से नहीं किया है। आखिर संसाधनों का मितव्ययतापूर्ण और विवेकपूर्ण उपयोग जो सतत पोषणीय विकास में सहायक हो, वास्तव में सिर्फ़ वही विकास, प्रेरणादाई, अनुकरणीय, चिरस्मरणीय एवं स्थाई भी होता है।

एक आदर्श आत्मनिर्भर राष्ट्र की संकल्पना में प्रत्येक नागरिक भी आत्मनिर्भर होने चाहिए अन्यथा सिर्फ़ चंद बड़े - बड़े पूंजीपतियों का ही व्यापार फलता - फूलता रहे और आबादी का बड़ा तबका अभाव की जिंदगी जीने को मजबूर हो तो ऐसे राष्ट्र को एक आदर्श आत्मनिर्भर राष्ट्र और विश्वगुरू मानना ही बहुत बड़ी भूल होगी।

मेरी दृष्टि में सशक्त भारत के निर्माण हेतु गरीबी, बेरोजगारी, भुखमरी, भिखमंगी, कुपोषण, आत्महत्या आदि ज्वलंत समस्याओं के उन्मूलन से भी बड़ा लक्ष्य आत्मनिर्भर भारत का होना चाहिए क्योंकि बिना रोजगार के न तो कोई आत्मनिर्भर ही बन सकता है और न ही बिना आत्मनिर्भर बने किसी को गरीबी, बेरोजगारी, भुखमरी, भिखमंगी, कुपोषण और आत्महत्या से भी मुक्ति मिल सकती है।

किसी भी राष्ट्र और राष्ट्र के लोगों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु कोई भी सुझाव देने या योजना बनाने से पूर्व यह जानना/ समझना भी आवश्यक होता है कि आखिर कुछ लोग आज दिन तक आत्मनिर्भर क्यों नहीं बन पाए?

तो आइए पहले आत्मनिर्भर न बन पाने के कारणों की समीक्षा करते हैं।

भारत और अधिकांश भारतीयों के आत्मनिर्भर न होने के कारण इस प्रकार हैं-

(1)भाग्यवाद व नियतिवाद - चूंकि भारत के अधिकांश लोग भावना प्रधान व आस्तिक रहे हैं। वे अपनी प्रत्येक सफलता को सिर्फ़ प्रभुकृपा और हर असफलता को भगवान की मर्जी बताकर पल्ला झाड़ संतोष करके बैठ जाते हैं। इसलिए वे असफलता मिलने पर दुबारा प्रयास ही नहीं करते और हाथ पर हाथ धरे सिर्फ़ ईशकृपा की आस लगाए रहते हैं जबकि वास्तविकता यह है कि वह सर्वशक्तिमान प्रकृति स्वयं अपने कर्म का इंतजार करती है कि यह कर्म करेगा तो ही मैं फल दूंगी।

(2)मानसिक गुलामी - चूंकि भारतीयों के मन में मानसिक गुलामी की भावना इतनी कूट - कूटकर भरी होती है कि वह स्वयं अच्छा पढ़ा लिखा होने के बावजूद भी अपने स्वयं के बच्चे का नाम रखने के लिए भी किसी पांचवी फेल पंडित की राय लेता है और वह अगर कोई टपोरी छाप नाम भी बता दे तो वह दूसरा नाम भी सोच नहीं सकता। दूसरे पर निर्भर रहने की मानसिकता ही उनके आत्मनिर्भर बनने में बहुत बड़ी बाधा है।

(3)शुभाशुभ की अवधारणा - कभी - कभी कोई व्यक्ति साहस कर कुछ नया कार्य करना भी चाहता लेकिन शुभ - अशुभ के चक्कर में वह शुरुआत ही नहीं कर पाता जबकि जन्म और मृत्यु जीवन के दो शाश्वत सत्य सदैव बिना मुहूर्त ही घटित होते हैं।

(4) शुभकामनावाद ~ आजकल कुछ लोग किसी जरूरतमंद की वास्तविक सहायता या मार्गदर्शन करने के बजाय सिर्फ़ हवा - हवाई आश्वासन रूपी शुभकामनाएं प्रदान करने की औपचारिकताएं पूर्ण करते हैं, जिससे उसका बिल्कुल भी भला संभव ही नहीं होता।

(5)अंधे को लकड़ी- वैसे प्रथमदृष्टिया तो यह सबको सही ही लगता है लेकिन मैं सोचती हूं अंधे को लकड़ी देने के बजाय उसकी आंखों का इलाज करवाना चाहिए ताकि उसे भविष्य में लकड़ी के सहारे की ही आवश्यकता ही न रहे।

(6)सरकारी जुमलेबाज़ी और फर्जी आश्वासन ~ आज दिन तक सभी सरकारों ने अपनी दिव्य दीर्घदृष्टि का परिचय न देते हुए किसी को सक्षम बनाने का प्रयास ही नहीं किया अपितु सिर्फ़ अल्पकालीन लाभ देकर सबको सिर्फ़ लाचार, लोभी - लालची और सदैव लेने वाला ही बनाने का प्रयास किया।

(6)शोषण व सामंतशाही - कभी कभी कोई नौकर / शोषित व्यक्ति कुछ नया कार्य करना भी चाहता है तो उसका मालिक/बॉस या उसके परिवार का मुखिया ही उसका हाथ पकड़ सहयोग करने या प्रोत्साहन प्रदान करने के बजाय वे केकड़ों की भांति उसकी टांग खींचने लग जाते हैं।

अपने भारत राष्ट्र के समस्त नागरिकों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु कुछ सुझाव इस प्रकार हैं

(1)उल्लेखनीय है कि अत्यधिक आश्वासनों और धोखों के बाद मैं सरकार, समाज, मित्रों किसी से भी कोई भी उम्मीद न रखने की सलाह देती हूं क्योंकि आखिर।

पारखी आस सदा निराश।

(2)बचपन से ही बच्चों को कर्मप्रधान मानसिकता से लबरेज़ किया जाए

उद्यमेन ही सिद्धयंति कार्याणि न मनोरथे।
न ही सुप्तस्य सिंहस्य प्रविशंति मुखे मृगा।।

(3)दृढ़ संकल्प शक्ति ~ सभी नागरिकों में यह भाव भरा जाए कि शुभ अशुभ कुछ नहीं होता अपितु मन के हारे हार है।
मन के जीते जीत है।

(4)विज्ञानवाद- बचपन से ही बच्चों में अंधश्रद्धा के बजाय ज्ञान - विज्ञान में रुचि और विश्वास दृढ़ किया जाए।

(5)तार्किक दृष्टिकोण - बचपन से ही सभी में किसी भी विषयवस्तु को क्या, क्यों व कैसे जैसे तर्कों से समझने और असफलताओं के आत्मविश्लेषण का दिव्य दृष्टिकोण विकसित किया जाए।

(6)दृढ़ आत्मविश्वास- सभी नागरिकों में यह आत्मविश्वास कूट -कूट कर भरा जाए कि प्रयास कभी निष्फल नहीं जाता। या तो सफलता मिलती है या अनुभव।

(7)समाधान की गारंटी - सभी नागरिकों को इस बात के लिए भी आश्वस्त किया जाए कि हर समस्या का समाधान अवश्य ही होता है, चाहे समस्या कितनी भी बड़ी क्यों न हो?
और आखिर वास्तविकता भी यही है कि समस्या सदैव पहले ही आती है और समाधान हमेशा बाद में ही खोजा जाता है।

(8)असफलता ही सफलता की कुंजी आखिर असफलता कभी जीवन का अंत नहीं होता अपितु वही सफलता की चाबी है इसलिए कभी हार न माने और हर बार नए तरीके से प्रयास करते रहे।

(9)जागो, उठो, प्रयत्न करो, रुको मत, जब तक कि लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए।

चूंकि प्रत्येक नागरिक अपने पांवों पर खड़े होने की कोशिश करेगा तो अपना देश भी अपने आप प्रगति के पथ पर अग्रसर होते हुए आत्मनिर्भर हो ही जाएगा लेकिन फिर भी जैसी कि मेरी प्रवृति है, मैं मेरे प्रत्येक आलेख में सरकार को सुझाव दिए बिना मेरी कलम को विराम नहीं देती हूं इसलिए आगे पेश हैं-

भारत के आत्मनिर्भर राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के स्वर्णिम स्वप्न को साकार करने हेतु सरकार के लिए कुछ सुझाव-

(1)बुनियादी सुविधाएं अनिवार्य -चूंकि किसी भी इंसान के जीवित रहने हेतु रोटी, कपड़ा और मकान जैसी मूलभूत आवश्यकताएं आवश्यक ही नहीं अपितु अनिवार्य भी होती है। इसलिए सरकारों द्वारा यह सुनिश्चित करना उनका परम कर्तव्य है कि कोई भी अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी इन आधारभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु किसी दूसरे इंसान के सामने हाथ फैलाने को मजबूर न होना पड़े।

(2)आधारभूत संरचना ~ रोटी, कपड़ा और मकान की मूलभूत आवश्यकता के पश्चात भी किसी भी व्यक्ति को अपने जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने हेतु कुछ और आधारभूत सुविधाओं की भी आवश्यकता भी होती है जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली - पानी, सड़कें, कानून व्यवस्था इत्यादि। इसलिए सरकारों को भी मंदिर - मस्जिद, इत्यादि के बजाय इन आधारभूत सुविधाओं स्कूल, अस्पताल, शुद्ध पेयजल, बेहतर सड़कें और उत्तम कानून व्यवस्था पर अधिक ही नहीं अपितु पूर्णरूप से ध्यान देना चाहिए।

(3)उद्यमशीलता व कौशल विकास ~ सरकारों द्वारा सिर्फ़ नौकरी पाने की महत्वाकांक्षी शिक्षा के साथ - साथ शिक्षा में उद्यमशीलता एवं कौशल विकास पर अधिक बल दिया जाए ताकि अधिकांश युवा पीढ़ी सिर्फ़ नौकरी पाने के इच्छुक बेरोजगार युवाओं की भीड़ में शामिल होने वाले बनने के बजाय अपना स्वयं का कोई व्यवसाय विकसित करे जहां अन्य कई लोगों को भी रोजगार प्रदान किया जा सके।

(4)अभाव के बजाय संभावनाओं पर जोर- अर्थात जो संसाधन अपने पास नहीं है, उनका रोना छोड़कर अपने पास जो है, उनका बेहतर उपयोग और उससे लाभ प्राप्ति पर विचार किया जाए जैसे भारत के पास पेट्रोलियम भंडार आवश्यकतानुसार उपलब्ध नहीं है लेकिन अपने देश में सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा जैसे ऊर्जा के नवीकरणीय स्त्रोतों को विकसित करने की असीम - अपार संभावनाएं है, उन पर ध्यान दिया जाए और धरातल पर योजनाओं का क्रियान्वयन भी किया जाए। हम हमारी संभावनाओं के सबसे बड़े निर्यातक बनकर भी अंतरराष्ट्रीय व्यापार संतुलन को अपने पक्ष में कर आत्मनिर्भर बन सकते हैं।

(5)स्थानीय रोजगार विकास पर ध्यान - गांव, विकास खंड, जिला स्तर पर स्थानीय संभावनाओं पर विचार - विमर्श और जिम्मेदारियों का विकेंद्रीकरण करते हुए एक गांव एक उत्पाद जैसे छोटे से बड़े स्तर की ओर (लोकल से वोकल) आत्मनिर्भर बनाने की पहल और क्रियान्वन किए जाए।

इससे कई लोगों को अपने गांव या आसपास ही रोजगार भी मिल जाएगा और शहरी पलायन और शहरी जनघनत्व, भीड़भाड़, यातायात आदि की समस्याओं से भी निजात मिलेगी।

(6) सतत पोषणीय विकास - मैं सतत पोषणीय विकास को विकास की सबसे बड़ी कसौटी मानती हूं क्योंकि अपने पास उपलब्ध संसाधनों का अंधाधुंध उपयोग कर हम तात्कालिक प्रगति कर सकते हैं लेकिन इससे भविष्य की संभावनाएं समाप्त हो जाती है। इसलिए हमें विकास की प्रत्येक योजना में अनावीकरणीय और समाप्य संसाधनों के वैकल्पिक उपयोग और नवीकरणीय संसाधनों के पुनः चक्रण प्रक्रिया पर भी ध्यान देना चाहिए।

(7)पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन ~ हमें आधुनिक, औद्योगिक और तकनीकी विकास के साथ यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारे विकास के परिणामस्वरूप पर्यावरणीय क्षति न हो या कम से कम हो और जो क्षति हो तुरंत उसकी क्षतिपूर्ति के प्रयास भी अनिवार्य रूप से किए जाए। जैसे मान लो किसी सड़क/ रेल निर्माण या उद्योग को स्थापित करने में अगर 50 पेड़ भी काटने पड़े तो तुरंत उसके आसपास के क्षेत्र में 500 नए पेड़ उगाए भी जाए।

अंत में मैं अपने देश के समस्त नागरिकों को जापानीज से प्रेरणा लेने का आग्रह करती हूं जिन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध की विध्वंस विभीषिका झेलकर भी तर्क और विज्ञान के पथ पर अग्रसर होकर जापान को अति अल्प समय में ही पुनः विश्व के विकसित राष्ट्रों की सूची में शुमार करवा दिया।

इसी के साथ मैं सिर्फ़ आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास से कह सकती हूं कि अगर इसीप्रकार राष्ट्र के समस्त नागरिक और सरकारें अपने आपको और भारत को आत्मनिर्भर बनाने की सोच रखते हुए अपना अनवरत अथक व अटल प्रयास जारी रखेंगे तो दुनिया की कोई महाशक्ति भी भारत को फिर से विश्वगुरू और सोने की चिड़िया वाला गौरव पुनः प्राप्त करने से नहीं रोक पाएगी।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :-** नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)